# 2025

# HINDI

## ( Honours Elective )

Paper : HIN–HE–6036

( हिन्दी का वैश्विक परिदृश्य एवं प्रवासी हिन्दी साहित्य )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन नागपुर शहर में किस ईस्वी सन् में आयोजित हुआ था?

(ख) विश्व हिन्दी सचिवालय किस देश में स्थित है?

(ग) किस विदेशी हिन्दी-सेवी ने 'रामकथा : उत्पत्ति और विकास' नामक शोध-ग्रंथ की रचना की है?

(घ) अंग्रेजी-हिन्दी शब्दकोश के सर्वाधिक लोकप्रिय प्रस्तुतकर्ता फ़ादर कामिल बुल्के किस देश के निवासी थे?

(ङ) प्रमुख प्रवासी हिन्दी साहित्यकार अभिमन्यु अनत का देहावसान किस ईस्वी में हुआ था?

(च) "वह नाव _____ से निकली थी।" 'लाल पसीना' उपन्यास की इस प्रथम पंक्ति के रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(छ) लँगड़वा साहब का असली नाम क्या था?

(ज) कुन्दन ने जिस क्रिओल कैदी को पीछे करके उसकी जगह चाबुक की मार को अपने ऊपर सह लिया था, उसका नाम क्या था?

(झ) 'साँकल' नामक कहानी के रचयिता कौन हैं?

(ञ) "ओए, मैंने अपना बुढ़ापा यहाँ नहीं काटना, यह जवानों का देश है, मैं तो पंजाब के खेतों में अपनी आखरी साँसें लेना चाहता हूँ।" यह कथन किस कहानी से उद्धृत है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) पाश्चात्य हिन्दी-सेवी गार्सा द तासी और डॉ० जॉर्ज अब्राहम ग्रियर्सन मूलतः किन देशों के निवासी थे?

(ख) 'लाल पसीना' उपन्यास का प्रकाशन-वर्ष क्या है? यह उपन्यास किस देश की पृष्ठभूमि पर लिखा गया है?

(ग) "अभी कल दस बजे रात के उधर से लौटल रहले। तोर माँ हियाँ रात भर परेशान रहल।" —किसने, किससे ऐसा कहा था?

(घ) 'साँकल' कहानी की पृष्ठभूमि किस देश की है? प्रस्तुत कहानी की प्रमुख पात्र सीमा किस पार्टी की सदस्या थीं?





(ङ) थिलोका ('यों ही चलते हुए') क्यों अलग-अलग नामों से अपना परिचय देती थी?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) विश्व-फलक पर हिन्दी के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(ख) विश्व हिन्दी सम्मेलनों के आयोजन के उद्देश्य का खुलासा कीजिए।

(ग) "मुद्दत बाद किसी दूर देश में निहत्थेपन की स्थिति को जीते हुए अपनी भाषा के अक्षरों पर नज़र पड़ जाने का मतलब होता है नवजीवन पा लेना और किसी घटाटोप अँधेरे में एकाएक प्रकाश का कौंध जाना।" इस अवतरण का संदर्भ एवं आशय स्पष्ट कीजिए।

(घ) एक प्रवासी हिन्दी साहित्यकार के रूप में अभिमन्यु अनत का परिचय दीजिए।

(ङ) "एकाएक बिस्तर से उठती है सीमा और भीतर से कमरे की साँकल चढ़ा देती है।" सीमा ने ऐसा क्यों किया था?

(च) मनविन्दर ('कौन-सी ज़मीन अपनी') की प्रमुख चारित्रिक विशेषताओं का खुलासा कीजिए।

**4.** निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

"दर्द नहीं, दिल टूटा है, अपनों ने तोड़ा है। टूटे दिल के टुकड़े सँभाल नहीं पा रहा हूँ। तेरी बातों को अनसुना कर, मैं सारी उम्र तुझे पराई समझता रहा और अब अंदर तड़फन है, जो सुनकर आया हूँ, क्या वह सच है? जान नहीं पा रहा हूँ कि कौन-सी ज़मीन अपनी है?"

**अथवा**

"मस्तिष्क शरीर को आदेश देकर हर तरह का काम करवा लेता है, लेकिन मस्तिष्क अपने-आपको आदेश देकर उस आज्ञा का पालन नहीं करवा पाता। यही बात किसन के साथ हो रही थी। शरीर की कमजोरी ने उसे अब तक नहीं कँपाया था, पर वह दूसरी कमजोरी उसको कँपा ही गई।"

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) भूमण्डलीकरण के युग में हिन्दी किस प्रकार अपनी भूमिका निभाए—उस पर व्यावहारिक दृष्टि से चर्चा कीजिए।

**अथवा**

विश्व में हिन्दी की क्रमशः बढ़ती लोकप्रियता के कारणों पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'लाल पसीना' उपन्यास में उठायी गयी समस्याओं को रेखांकित कीजिए।

**अथवा**

"'लाल पसीना' के पात्र वे हैं जो इतिहास की चक्की में पिसकर रह जाते हैं।" उपन्यासकार के इस कथन को ध्यान में रखते हुए किसी एक प्रमुख पात्र के जीवन-संघर्ष पर प्रकाश डालिए।

(ग) नामकरण की सार्थकता की दृष्टि से 'कोख का किराया' कहानी की समीक्षा कीजिए।

**अथवा**

'यों ही चलते हुए' कहानी के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए उसकी कलापक्षीय विशेषताओं पर चर्चा कीजिए।

★★★